# दशहरा / विजयादशमी

Class-iv

'विजयादशमी' हिंदुओं का प्रमुख पर्व है। इसे 'दशहरा' भी कहते हैं। सभी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। विजयादशमी का संबंध 'शक्ति' से है। जिस प्रकार ज्ञान के लिए सरस्वती की उपासना की जाती है उसी प्रकार शक्ति के लिए दुर्गा की उपासना की जाती है।

कहा जाता है कि अत्याचार करनेवाले 'महिषासुर' नामक राक्षस का उन्होंने संहार किया था। इसके लिए उन्होंने 'महिषासुरमर्दिनी' का रूप धारण किया था। दुर्गा ने ही शुंभ-निशुंभ नामक राक्षसों को मारा था। उन्होंने चामुंडा का रूप धारण करके चंड-मुंड राक्षसों का वध किया। श्रीरामचंद्र ने दुर्गा माँ की पूजा करके ही रावण का वध किया था। इसलिए बंगाल में तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में भी इस पर्व को 'दुर्गा पूजा' के नाम से भी जाना जाता है।

विजयादशमी का त्योहार दस दिनों तक चलता रहता है। आश्विन मास शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से इसका आरंभ होता है। दशमी के दिन इसकी समाप्ति होती है। प्रतिपदा के दिन प्रत्येक हिंदू परिवार में देवी भगवती की स्थापना की जाती है। गोबर से कलश सजाया जाता है। कलश के ऊपर जौ के दाने खोंसे जाते हैं। आठ दिनों तक नियमपूर्वक देवी की पूजा, कीर्तन और दुर्गा-पाठ होता है। नवमी के दिन पाँच कन्याओं को खिलाया जाता है। उसके बाद देवी की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। इस उत्सव को 'नवरात्र' भी कहते हैं। इन नौ दिनों में पूजा करनेवाले बड़े संयम से रहते हैं। दशमी के दिन विशेष उत्सव मनाया जाता है। इसे 'विजयादशमी' (दशहरा) कहते हैं। दशहरा दस पापों को नष्ट करनेवाला माना जाता है।

**कोविड-19 के कारण सरकार द्वारा घोषित किए गए लॉक डाउन पर जरूरतमंदों की सहायता करने की अनुमति हेतु थानाध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।**

Class-iv

सेवा में ,

थाना अध्यक्ष ,

रामपुर

दिनांक : 20 मार्च 2020

विषय : जरूरतमंद की सहायता हेतु अनुमति।

1.

महोदय ,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि कोविड-19 के कारण सरकार ने 25 मार्च 2020 से पूरे देश में लॉकडाउन घोषित कर दिया है। अचानक हुए इस लॉकडाउन की वजह से शहर में कई गरीब व मजदूर लोगों के पास दो वक्त का खाना भी उपलब्ध नहीं है। जिस कारण वो और उनका परिवार भूखे पेट सोने को मजबूर हैं। इन परिवारों में छोटे-छोटे बच्चे भी हैं जो भूख के कारण बिलख रहे हैं।

महोदय , हमारी संस्था “आस्था महिला समूह” ऐसे जरूरतमंद लोगों को खाना और जरूरी सहायता पहुंचाना चाहती हैं। लेकिन लॉकडाउन की वजह से हम उन जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

2.

इसीलिए आपसे विनती है कि आप हमें उन जरूरतमंदों को भोजन , पानी और अन्य जरूरी सहायता पहुंचाने की विशेष अनुमति प्रदान करें। ताकि उनकी बुनियादी जरूरत पूरी हो सके। उम्मीद है आप हमारे इस निवेदन को स्वीकार करेंगे और हमें उन लोगों की सेवा का मौका देंगे।

धन्यवाद।

आस्था महिला समूह

रामपुर

3.